# 1.25 लाख करोड़ के निवेश से बनेगा प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन प्लांट

## कॉसिस ग्रुप ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर

## 2.75 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले दिल्ली के रोड शो में

## एक लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में निवेश आमंत्रित करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली में हुए योगी सरकार के रोड शो में 2.75 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसमें अकेले 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर ब्रिटेन का कॉसिस ग्रुप प्रदेश में पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट और ईवी टेक पार्क स्थापित करेगा। नए निवेश प्रस्तावों से प्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के नेतृत्व में सरकार की टीम ने दिल्ली में रोड शो किया। कॉसिस ग्रुप की ओर से निवेश के लिए एमओयू करते हुए दावा किया गया कि इससे करीब 30 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

इसी तरह एनटीपीसी की ओर से चार नए प्रोजेक्ट पर 42 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में इकाई लगाने के लिए आरईसी लि. ने 65,350 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया है। >> भारत के विकास का वाहक बनेगा यूपी : पेज 3



दिल्ली के रोड शो के दौरान प्रदेश के मंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी। - विज्ञप्ति

### स्वास्थ्य क्षेत्र में होगा भारी निवेश

रोड शो में यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने ग्रेटर नोएडा में बायोटेक पार्क और 300 बेड के अस्पताल निर्माण में करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव दिया। यशोदा मेडिसिटी ने गाजियाबाद में 800 करोड़ रुपये के निवेश से 1200 बेड की क्षमता वाला नया हाईटेक अस्पताल बनाने पर औपचारिक सहमति दी। वहीं, एनटीपीसी लि., आनंदा डेयरी, जेबीएम ग्रुप के साथ भी निवेश समझौतों का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### प्रमुख निवेश प्रस्ताव

**कॉसिस ग्रुप :** ईवी टेक पार्क एवं ईवी निर्माण- 1.25 लाख करोड़

**आरईसी लिमिटेड :** नवीकरणीय ऊर्जा- 65,350 करोड़

**एनटीपीसी लिमिटेड :** विविध प्रोजेक्ट- 42,280 करोड़

**यशोदा मेडिसिटी :** बायोटेक पार्क एवं हॉस्पिटल-1300 करोड़

### सरकार की सहूलियत से 11 हजार करोड़ का निवेश किया

एबी मौरी ग्रुप के निदेशक सतीश कुमार ने कहा कि यूपी में हमने 11 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। पीलीभीत में एक प्लांट लगाया है। दो साल पहले कंपनी निवेश के सिलसिले में कई शहरों में गई और यूपी सरकार की सहूलियतों ने वहां निवेश के लिए प्रोत्साहित किया।